## महत्वपूर्ण एवं खास

### राष्ट्रपति कोविंद होंगे छत्तीसगढ़ राज्योत्सव के समापन समारोह के मुख्य अतिथि



रायपुर,(आरएनएस)। राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द ने पांच दिवसीय छत्तीसगढ़ राज्योत्सव 2017 के समापन समारोह में शामिल होने की स्वीकृति प्रदान कर दी है। राष्ट्रपति पांच नवम्बर को नया रायपुर में होने वाले राज्योत्सव के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। उनका पल-प्रतिपल का विस्तृत कार्यक्रम बाद में जारी किया जाएगा। राष्ट्रपति सचिवालय नई दिल्ली से इस आशय की औपचारिक सूचना आज यहां राज्य सरकार को प्राप्त हो गई है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर इस वर्ष भी एक नवम्बर से 5 नवम्बर तक नया रायपुर में राज्योत्सव के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उपराष्ट्रपति एम. वैंकेया नायडू एक नवम्बर को राज्योत्सव के शुभारंभ समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

### वायुसेना भर्तीरैली हेतु प्रशिक्षण 24 अक्टूबर से

कोरबा,(आरएनएस)। वायु सैनिक भर्ती रैली आगामी 15 नवम्बर 2017 से 21 नवम्बर तक अम्बिकापुर में आयोजित है। जिला रोजगार अधिकारी जे.पी. खाण्डे ने बताया कि वायु सेना भर्ती रैली हेतु निःशुल्क प्रशिक्षण 24 अक्टूबर से 12 नवंबर तक जिला रोजगार कार्यालय कोरबा में दिया जायेगा। इच्छुक आवेदक जिला रोजगार कार्यालय कोरबा से संपर्क कर अपना नाम/पता एवं मोबाईल नं0 दर्ज करा सकते हैं ।

### मां अपने दो बच्चों के साथ 3 दिन से लापता

**पति ने लिखाई गुमशुदगी की रिपोर्ट पत्नी सहित दोनों बच्चों को ढूंढने पहुंचा**

जगदलपुर,(आरएनएस)। बस्तर जिले के जगदलपुर जनपद पंचायत क्षेत्र के गारावंड के पवन कुमार पटेल की पत्नी चंद्रमणि पुत्री चंचल और वासु 3 अक्टूबर से लापता है! 3 दिनों से इनका सुराग नहीं मिला है जिसके कारण पति दर-दर की खाक छान रहा है ज्ञात हो कि बस्तर जिला में पहला मामला जब घर से महिला अपने बच्चों के साथ लापता हो गई है! लापता महिला चंद्रमणि के पति पवन कुमार पटेल ने मोबाइल पर भी बात से बताया कि वह मूलतः जगदलपुर के आमागुड़ा का रहने वाला है और इन दिनों वह जगदलपुर जनपद पंचायत के गारावंडखुर्द के मोरठपाल ग्राम के नेगी गुड़ा में रहता है और आमा गुड़ा में उसने स्वयं मोटर साइकिल मरम्मत हेतु दुकान खुला है प्रतिदिन की भांति 3 अक्टूबर को वह नेगीगुड़ा से काम के लिए सुबह निकला तथा प्रतिदिन की भांति जब रात को घर पहुंचा तो पत्नी चंद्रमणि पुत्री चंचल तथा पुत्र वासु घर से नदारद रखें आस पड़ोस में कुछ खबर करने के बाद जब वह नहीं मिले तो उसकी पतासाजी हेतु नगरनार थाने में इसकी शिकायत की गई है किंतु 3 दिनों से उन का सुराग नहीं मिला है! पवन कुमार पटेल ने आगे बताया कि वह अभी बलौदा बाजार गया हुआ है जहां उनकी पत्नी का निवास है वह मायके भी नहीं पहुंची है जिससे अनहोनी का खतरा मंडरा रहा है!

### किसानों को समय पर मिले धान बोनस की राशि - कलेक्टर

रायगढ़,(आरएनएस)। कलेक्टर श्रीमती शम्मी आबिदी ने आज यहां कलेक्टोरेट सभाकक्ष में किसानों के धान बोनस के समुचित वितरण के लिए बैंकर्स की बैठक ली। कलेक्टर श्रीमती आबिदी ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह की मंशानुरूप सभी किसानों को दीपावली के पहले धान का बोनस दिया जाना है। जिले के 68763 किसानों के धान का बोनस 127 करोड़ 97 लाख 6310 रुपए की राशि का वितरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों को समय पर बोनस की राशि मिले इसके लिए बैंक में व्यवस्थित तरीके से एवं आपसी समन्वय व सहयोग से सभी कार्य करें। विभिन्न बैंकों में किसानों के खाते है जिनमें सर्वाधिक खाते, ग्रामीण बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया में है। सभी बैंकों को किसानों के धान बोनस की राशि वितरण में मुस्तैदी से कार्य करना होगा। उन्होंने अन्य बैंकों से भी कृषक संख्या एवं दिए जाने वाले बोनस राशि की जानकारी ली। बैंक के प्रतिनिधियों ने उन्हें जानकारी दी कि बैंक में नगद राशि पर्याप्त मात्रा में है। उन्होंने कहा कि सभी बैंक अपने बैंक में नगद राशि के स्थिति की मॉनिटरिंग करते रहे एवं किसी तरह की समस्या आने पर एक दिन पहले सूचित करें।

कलेक्टर श्रीमती आबिदी ने कहा कि ऐसे किसान जिनके पास एक्टिवेटेड रूपे कार्ड है उन्हें बैंक जाने की जरूरत नहीं है वे एटीएम कार्ड के जरिए राशि आहरित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिन किसानों के रूपे कार्ड एक्टिवेटेड नहीं है वहां शिविर लगाकर कार्ड एक्टिवेट करायें। बैंक में किसानों की सुविधा हेतु धान बोनस के वितरण के लिए अलग से काउंटर बनवा दें। उन्होंने कहा कि एसडीएम बैंकर्स के साथ मिलकर रोस्टर में ड्यूटी लगाएं एवं रोस्टर का पालन करायें। जिस दिन जिस ग्रामवासी का नाम होगा उसी हिसाब से किसानों का आना सुनिश्चित करें। इसके लिए गांवों में अच्छे से मुनादी करवा दें। ताकि निश्चित दिन में किसानों को धान का बोनस मिल जाये और उन्हें भटकना ना पड़े। कलेक्टर ने इस अवसर पर सभी बैंकों को आधार सीडिंग एवं मोबाइल सीडिंग में गति लाने के निर्देश दिए।

## खुले में कचरा, मलमा फेकने पर नगर निगम ने संबंधित व्यक्ति पर 500 रू. का जुर्माना ठोका

रायपुर,(आरएनएस)। खुले में कचरा मलमा फेंककर शहर के सार्वजनिक स्थल को गंदा करने को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम रायपुर के जोन 7 के जोन स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राधेष्याम अग्रवाल ने जोन 7 के रामसागरपारा वार्ड क्रमांक 17 के रामसागरपारा मुख्य मार्ग के निवासी संबंधित नागरिक श्री उमेष मायानी पर रसीद काटकर 500 रू. का जुर्माना लगाने की कड़ी कार्यवाही की। जोन स्वास्थ्य अधिकारी ने खुले में कचरा मलमा फेंककर गंदगी फैलाने वाले संबंधित व्यक्ति को दोबारा खुले में कचरा मलमा न डालने की कड़ी हिदायत दी अन्यथा की स्थिति में अगली बार दुगुनी राशि का जुर्माना ठोकने की कड़ी कार्यवाही करने की स्पष्ट चेतावनी जोन 7 स्वास्थ्य विभाग की ओर से दी।

### हत्या कर फरार आरोपी गिरफ्तार

कोरबा,(आरएनएस)। बांकीमोंगरा थाना अंतर्गत बलगी बस्ती में 4 माह पहले नवल सिंह कंवर 27 ने मामूली बात पर पड़ोसन यशोदा बाई कंवर की डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर फरार हो गया था। पुलिस उसकी खोजबीन करती रही लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। जिसके बाद उसकी गिरफ्तारी के लिए एसपी डी श्रवण ने उसपर 3000 रुपए के इनाम की घोषणा की थी। इस बीच मंगलवार को पुलिस को मुखबिर के जरिए फरार आरोपी नवल सिंह के कटघोरा के आसपास देखे जाने की सूचना मिली। पुलिस टीम ने कटघोरा क्षेत्र में नजर रखी। इस बीच पक्की खबर पर कटघोरा जंगल में घेराबंदी करके उसे पकड़ लिया गया। हत्या के मामले में उसकी गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### एक नक्सली गिरफ्तार

कांकेर,(आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने आज एक महिला नक्सली सहित चार नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। डीआईजी रतनलाल डांगी ने बताया कि सीमा सुरक्षा बल के 125 वीं और 35 वीं बटालियन ने कोयलीबेड़ा थाना इलाके से एक महिला सहित चार नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार नक्सलियों के पास से दो भरमार बंदूक और दो किलो का टिफिन बम भी बरामद हुआ है। इसके अलावा कुछ बैनर और नक्सली साहित्य भी बरामद किया गया है। सुरक्षा बलों को लंबे समय से इस इलाके में नक्सलियों की संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिल रही थी।

## नहीं थम रहा गायों की मौत का सिलसिला




जगदलपुर,(आरएनएस)। तेज रफ्तार ट्रक के कारण गायों की मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है जिसके तहत एक माह में 3 दर्जन से ज्यादा मवेशियों की मौत हो गई है किंतु मवेशियों के मालिक को उनकी चिंता नहीं है। मंगलवार रात को घटित घटना में फिर आठ मवेशियों की जान चली गई। बस्तर जिले में इन दिनों गायों पर भारी वाहन रूपी काल मंडरा रहा है जो कि उनकी जान ले रहा है। एक माह पूर्व गीदम रोड में 14 गायों को ट्रक ने कुचल दिया था जिसके बाद से बहुत ज्यादा हाय तोबा हुई, किंतु अब फिर एक बार जगदलपुर रायपुर राष्ट्रीय राजमार्ग के तीरथ सिंह मनमोहन सिंह पेट्रोल पंप के पास 8 गायों को ट्रक ने कुचल दिया । इस मामले को लेकर हाय तौबा नहीं मचाई गई क्योंकि यह इलाका ग्रामीण क्षेत्र में आता है और इससे पूर्व भी परचनपाल के पास तीन से चार गायों को भारी वाहन ने मौत के घाट उतार दिया था। शहर के अंदर वन विद्यालय के पास गायों की मौत के मामले पर जिस प्रकार की हायतौबा विश्व हिंदू परिषद के बजरंग दल के गौवंश प्रकोष्ठ के लोगों ने सोशल मीडिया के माध्यम से मचाई थी। इसी प्रकार भारतीय जनता पार्टी के पार्षदों ने महापौर जतीन जयसवाल के खिलाफ मोचो खोला था किंतु 20 से अधिक घंटा होने के बावजूद उनके द्वारा हायतौबा नहीं मचाया जो कि जनचर्चा का विषय बना हुआ है। गत माह धरमपुरा बिजली दफ्तर के अधिकारियों की लापरवाही से गुरु गोविंद सिंह वार्ड के पुजारी की भैंसों की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई थी और इस मामले में पार्षद ने बिजली विभाग के दफ्तर का घेराव भी किया था किंतु उसे मुआवजा नहीं मिला। ऐसा प्रतीत होता है कि बिजली विभाग के लोगों ने इस मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया है।

### पहली बार निजी स्कूलों के विद्यार्थियों से लिया जाएगा परीक्षा शुल्क

जगदलपुर,(आरएनएस)। लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ ने अकादमिक सत्र 2017.18 के पांचवीं एवं आठवीं बोर्ड परीक्षाओं की समय सारणी घोषित कर दी है। सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि निजी स्कूलों के प्रत्येक विद्यार्थियों से परीक्षा शुल्क 50 रुपए लिया जाए। प्राथमिक एवं माध्यमिक बोर्ड परीक्षाएं 26 एवं 24 फरवरी से शुरू हो रही हैं। उल्लेखनीय है कि निजी स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों से पांचवी और आठवीं बोर्ड परीक्षाओं में बैठने के लिए पहली बार शुल्क लिया जा रहा है। विगत वर्षों में पांचवीं और आठवीं की परीक्षाओं के लिए कोई फीस नहीं ली जाती थी। वहीं 2018 में यह परीक्षाएं हिन्दी के अलावा अंग्रेजी माध्यम में भी ली जाएंगी। जानकार बताते हैं कि परीक्षा शुल्क लेने से बच्चों के माता-पिता पर आर्थिक बोझ पड़ेगा।

#### कैलेंडर भी निर्धारित

संचालनालय ने परीक्षा संबंधी वार्षिक कैलेण्डर निर्धारित किया है। प्राथमिक एवं माध्यमिक बोर्ड परीक्षाओं के लिए मूल्यांकन केन्द्र का निर्धारण जिला शिक्षा अधिकारियों के निर्देश पर खंड शिक्षा अधिकारियों के द्वारा 23 नवंबर तक किया जाएगा। केन्द्राध्यक्ष की नियुक्ति डीईओ के द्वारा 28 नवंबर तक की जाएगी। 30 नवंबर तक प्रश्नपत्रों के ब्लू प्रिन्ट का अनुमोदन लोक शिक्षण से कराया जाएगा। 04 दिसंबर को सभी शासकीय एवं निजी स्कूलों में अध्ययनरत छात्रों के पंजीयन हेतु यू.डाइट डाटा की कार्रवाई संचालक लोक शिक्षण द्वारा की जाएगी जबकि 07 दिसंबर तक प्रश्न पत्रों के 2 सेटों का निर्माण कर एक सेट डीईओ को उपलब्ध कराया जाएगा। 08 दिसंबर को उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन हेतु शिक्षकों के लिए आदेश जारी किया जाएगा।

अगले साल 5 जनवरी को बीईओ द्वारा शालाओं की सूची जमा की जाएगी। 8 जनवरी तक बीईओ प्रमाणित विद्यार्थियों की सूची केन्द्राध्यक्ष को उपलब्ध कराएंगे तथा 10 जनवरी को संस्थाओं द्वारा मूल्यांकन केन्द्र को प्राप्तांक एवं ग्रेड संबंधी तालिका उपलब्ध कराई जाएगी। परीक्षा प्रारंभ होने के 10 दिन पूर्व डीईओ उत्तरपुस्तिकाओं की छपाई कराकर बीईओ को सौंपेंगे। परीक्षा के तीन दिन पहले केन्द्राध्यक्षों को प्रश्नपत्रों का वितरण किया जाएगा। 23 मार्च को डीईओ द्वारा परीक्षा परिणामों की घोषणा की जाएगी और 31 मार्च को बीईओ द्वारा अंकसूची प्रिंट कर शालाओं को उपलब्ध कराई जाएंगी।

### नाबालिग से दैहिक शोषण करने वाले के खिलाफ शिकायत

बिलासपुर,(आरएनएस)। तोरवा रेलवे क्षेत्र की नाबालिग को शादी का झांसा देकर मुहल्ले का युवक दैहिक शोषण करता रहा। मामले की जानकारी होने पर परिजनों ने मामले की शिकायत तोरवा थाने में दर्ज कराई। शिकायत पर पुलिस मामले की जांच में जुटी है। तोरवा पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बापू नगर क्षेत्र में रहने वाला युवक मुहल्ले की एक नाबालिग को शादी का झांसा देकर बीते एक महीने से दैहिक शोषण कर रहा था। घटना की जानकारी मिलने पर नाबालिग किशोरी के परिजनों ने घटना की शिकायत तोरवा पुलिस से की। परिजनों की शिकायत पर पुलिस मामला दर्ज कर विवेचना में जुटी है।

### स्वास्थ्य विभाग की टीम ने किया संजीवनी एवं अशर्फी देवी हास्पिटल का निरीक्षण

रायगढ़,(आरएनएस)। कलेक्टर श्रीमती शम्मी आबिदी के मार्गदर्शन में एसडीएम प्रकाश कुमार सर्वे, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एच.एस.उरांव, जिला मलेरिया अधिकारी रायगढ़ की टीम के द्वारा गत दिवस रायगढ़ के संजीवनी नर्सिंग होम, पैथालॉजी लैब, ब्लड बैंक, अशर्फी देवी हास्पिटल, बालाजी पैथालॉजी का आकस्मिक निरीक्षण करके डेंगू कीट का परीक्षण किया किया गया, और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### ट्रेक्टर-ट्रॉली चोरी करने वाले गिरोह के 10 सदस्य गिरफ्तार

रायपुर,(आरएनएस)। धमतरी पुलिस की टीम ने ट्रेक्टर-ट्रॉली चोरी करने वाले गिरोह के 10 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 8 ट्रेक्टर इंजन व 7 नग ट्रॉली जप्त किए है। मामले की खुलासा करते हुए रायपुर रेंज आईजी प्रदीप गुप्ता और धमतरी जिले के पुलिस अधीक्षक रजनेशि सिंह ने बताया कि ट्रेक्टर इंजन और ट्रॉली चोरी की शिकायत दुर्ग थाने में दर्ज की गई थी। इस प्रकरण की जांच करने पर सीसीटीवी फुटेज में अल्टो कार का फुटेज मिला था। इसी तरह दूसरे मामले में थाना कुरूद में हुई जहां ट्रेक्टर इंजन व ट्रॉली चोरी की घटना घटित हुआ। वहां भी पुलिस के टीम ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो देखे की ट्रेक्टर में दो व्यक्ति सवार होकर एवं अल्टो कार के साथ कुरूद, भखारा, रानीतराई, जामगांव होते हुए दुर्ग तरफ जाते दिखे। अल्टो कार के नंबर की जांच पड़ताल करने पर पुलिस को पता चला की उक्त कार ग्राम भण्डेरा जिला बालोद निवासी टेमेन्द्र उर्फ गोलू चंद्राकर की है। वहीं पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली की आरोपी गोलू चंद्राकर अपने अन्य साथियों के साथ राजनांदगांव जिला के गण्डई स्थित एक ढाबा में रूके है। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपियों को गिरफ्तार किया।

## माणिक मेहता के खिलाफ प्रकरण दर्ज

**अमन सिंह के खिलाफ झूठा आरोप लगाने मामले में**

रायपुर,(आरएनएस)। मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव अमन कुमार सिंह के खिलाफ देश और विदेश में अवैध संपति अर्जित करने के आरोप लगाने वाले माणिक मेहता के खिलाफ आज प्रथम श्रेणी न्यायिक दण्डाधिकारी की अदालत में भारतीय दण्ड संहिता की धारा 500 के तहत आपराधिक मानहानि का प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। न्यायालय ने माणिक मेहता को 4 दिसम्बर को न्यायालय में पेश होने को कहा गया है। विदित हो कि माणिक मेहता ने अमन कुमार सिंह के खिलाफ वाट्सएप और अन्य सोशल मीडिया में देश-विदेश में अवैध संपत्ति अर्जित करने की खबरें प्रसारित कर उनकी सार्वजनिक छवि खराब करने का प्रयास किया था। इससे आहत होकर अमन कुमार सिंह ने अपने अधिवक्ताद्वय राकेश श्रोती और मोहम्मद अलाउददीन के साथ प्रथम श्रेणी न्यायिक दण्डाधिकारी के न्यायालय में 16 अगस्त को आपराधिक मानहानि का प्रकरण दायर किया था। श्री सिंह ने न्यायालय के समक्ष निवेदन किया था कि माणिक मेहता के असत्य , दुर्भावनापूर्ण और तथ्यात्मक वस्तुस्थिति से विपरीत आरोपो और उसे वाट्सएप और अन्य सोशल मीडिया में प्रसारित करने से उनकी छवि को गहरा आघात लगा है । अपने परिवाद में अमन ने यह प्रार्थना की थी कि माणिक मेहता की पृष्ठभूमि आपराधिक है और इन पर रायपुर जिले में 7 और दुर्ग जिले में विभिन्न पुलिस थानों में 3 आपराधिक प्रकरण दर्ज है । उन्होंने प्रार्थना की कि ऐसी स्थिति में माननीय न्यायालय माणिक मेहता को उसके कृत्य के लिए आपराधिक मानहानि के अपराध में दण्डित करें। न्यायालय ने परिवाद की सुनवाई करते हुए माणिक मेहता के खिलाफ आज प्रथम श्रेणी न्यायिक दण्डाधिकारी की अदालत में भारतीय दण्ड संहिता की धारा 500 के तहत आपराधिक मानहानि का प्रकरण दर्ज कर लिया है ।

### डेंगू की रोकथाम के लिए कलेक्टर ने ली बैठक

रायगढ़,(आरएनएस)। कलेक्टर श्रीमती शम्मी आबिदी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में डेंगू बीमारी की जांच, उपचार एवं रोकथाम के संबंध में बैठक ली। कलेक्टर श्रीमती आबिदी ने कहा कि जिला प्रशासन सबके सहयोग से इस बीमारी की रोकथाम एवं उपचार की दिशा में प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि मच्छर गंदगी में पनपते है और स्वच्छता सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सभी जागरूक नागरिक है और यह बीमारी फैलनी नहीं चाहिए। इसके लिए जागरूकता रैली एवं दवाई छिड़काव एवं साफ-सफाई निरंतर किए जा रहा है। उन्होंने सभी से अपील की कि इस अभियान से जुड़े। उन्होंने कहा कि 12 अक्टूबर से डेंगू की जांच करने के लिए इलिजा रिडर मशीन प्राप्त हो जाएगी। उन्होंने कहा कि रायगढ़ शहर को डेंगू जोन घोषित करने की मांग की गई है, लेकिन यह टेक्नीकल टीम के परीक्षण के उपरांत ही घोषित किया जा सकता है। कलेक्टर ने कहा कि पार्षदों के नेतृत्व में समिति का गठन किया जाएगा, जिसमें साफ-सफाई की निगरानी की जाएगी। इस अवसर पर अधीक्षक मेडिकल कालेज ने जानकारी दी कि मेकाहारा में डेंगू वार्ड की व्यवस्था के साथ ही निःशुल्क जांच एवं उपचार की व्यवस्था की गई है। वहीं निजी एवं शासकीय अस्पतालों में स्मार्ट कार्ड से ईलाज की सुविधा जारी है। भर्ती मरीज को निःशुल्क प्लेटलेट्स की व्यवस्था की जा रही है। डॉ. राजू ने होटल से निकलने वाले अवशिष्ट पदार्थो को नष्ट करने के संबंध में कार्ययोजना तैयार कर कलेक्टर को देने की बात कही। जयंत ठेठवार ने बताया कि श्याम मंदिर के बगल वाली लाईन की साफ-सफाई आवश्यक है, इस पर कलेक्टर ने कहा कि संजय मार्केट को तीन दिन बंद कर साफ-सफाई की जाएगी। डेंगू से संबंधित जानकारी के लिए हेल्प लाईन नंबर जारी की गई है। केजुएलटी आपात कक्ष क्रमांक 07762-220288, डॉ. काकोली पटनायक सह अस्पताल अधीक्षक 98261-05615, डॉ.टी. जी. कुलवेदी जिला मलेरिया अधिकारी 94255-75680, डॉ. एच. एस.उरांव मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी 98261-91766, डॉ. एस. एल. आदिले अधिष्ठाता 96064-92360 है। इस अवसर पर नगर निगम के सभापति सलीम नियारिया, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एच.एस.उरांव, नगर निगम आयुक्त विनोद पाण्डेय, एसडीएम प्रकाश सर्वे, अधीक्षक मेडिकल कालेज चौधरी, डीपीएम निशामणी साहू एवं रायगढ़ के नागरिक उपस्थित थे।

### सहा.वि. विस्तार अधि. भर्ती परीक्षा 15 को

रायगढ़,(आरएनएस)। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा सहायक विकास विस्तार अधिकारी भर्ती परीक्षा 5 अक्टूबर को आयोजित की गई है। कलेक्टर रायगढ़ ने परीक्षा के संचालन हेतु डिप्टी कलेक्टर बहादुर सिंह मरकाम को नोडल अधिकारी बनाया है। डिप्टी कलेक्टर मरकाम का मो.नं. 97547-37426 है। इसी तरह सहायक परियोजना समन्वयक राजीव गांधी शिक्षा मिशन रायगढ़ के रामकुमार चौहान एवं भुवनेश्वर पटेल तथा जिला शिक्षा अधिकारी रायगढ़ के छात्रवृत्ति नोडल अधिकारी एस.के.कर्ण को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

### रेल्वे के नवीन समय की घोषणा 01 नवम्बर को

रायपुर,(आरएनएस)। दक्षिण पूर्वी मध्य रेलवे की नवीन समय सारिणी की घोषणा 1 नवम्बर को की जाएगी। रेलवे द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार मौजूदा ट्रेनों कि वैद्यता, दक्षिण पूर्वी सार्वजनिक समय सारिणी और कार्य समय सारिणी को 31 अक्टूबर तक विस्तारित किया गया है। तब तक सभी ट्रेनें अपने मौजूदा समय पर ही चलेंगी।